मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर

विषयः– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2024 में की गयी समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपकी अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2024 में की सम्पन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त आपके हस्ताक्षर हेतु पत्रावली में दायी ओर संलग्न है।

कृपया दायी ओर चस्पे कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करने का कष्ट करें।

सादर प्रेषित।

6-11-24

(राकेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
ख0कार्यालयउ0प्र0जल निगम,
बिजनौर

11.11.24

12 November 2024 11:34

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.10.2024 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2024 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति एवं एजेन्सी द्वारा किये गये रोड रेस्टोरेशन के सत्यापन के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में श्री राकेश चौधरी, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर, श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता, श्री अकबर हसन, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर जल निगम की कार्यदायी एजेंसी एल0सी0इन्फ्रा प्रा0लि0 एवं विंध्या टेलीलिंक्स लि0 के जनपदीय प्रोजेक्ट मैनेजर, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के पी0एम0 एवं डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक एवं जनपद में कार्यरत 04 नग आई0एस0ए0 एजेन्सीयों महिला ग्रामोद्योग विकास संस्थान अमरोहा, राम मनोहर एजूकेशन एवं समुदाय बाल विकास सोसाइटी, मन्सूरी एकेडमी एंव पी0एस0सेवा समिति के प्रतिनिधि, आई0ई0सी0 कार्डिनेटर के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत पायी गयी :–

**बिन्दु सं0–1–**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा 97.02 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, अवशेष बचे F.H.T.C के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के लिए एजेन्सी को निर्देश दिये गये। मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि एजेन्सी द्वारा द्वारा मात्र 77.03 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण किये गये है, जिसके कारण सी0एम0डैश पोर्टल पर जनपद की **"बी"** रैंक आ रही है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सी के पास मैनपावर की कमी है जिसके लिए एजेन्सी को मेनपावर बढ़ाकर F.H.T.C के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। मै0विध्या टेलीलिंक्स लि0 की F.H.T.C के कार्यो की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर मै0विंध्या टेलींलिक्स को चेतावनी देते हुए निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में F.H.T.C के कार्य में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0–02–**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे रोड रेस्टोरेशन के कार्यो का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया गया था, जिसकी बैठक मे समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि ग्रामों के रोड रेस्टोरेशन के कार्य अधिकांश ग्रामों में अभी भी पूर्ण नहीं है, जिसके सम्बन्ध में ग्रामीण स्तरों से विभिन्न शिकायते प्राप्त हो रही है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत दोनों एजेन्सियों की कार्य प्रणाली से यह स्पष्ट है कि इनके द्वारा कार्यो की धीमी प्रगति के कारण कार्य समय से पूर्ण किया जाना संभव नहीं होगा, जिस हेतु दोनो एजेन्सीयों के



12 November 2024 11:34

प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन के कार्य अपूर्ण है एवं कार्यों की प्रगति धीमी है वहां तत्काल मेन पॉवर बढ़ाते हुए कार्यो को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0–3–**

डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि ऐसे ग्राम जहां रोड रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करा दिये गये है, उन ग्रामों का सत्यापन कर सत्यापन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**बिन्दु सं0–4–**

उपस्थित आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी0 एजेन्सियों को ग्रामों में अपने समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

(पूर्ण बोरा)
मुख्य विकास अधिकारी
बिजनौर

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर।

पत्रांकः 4122 /जल जीवन मिशन–बैठक कार्यवृत्त/2024–25 748 दिनांकः– 12.11.2024

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर।
3– जिला पंचायत राज अधिकारी, बिजनौर।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बिजनौर को अनुपालनार्थ प्रेषित।
5– पी0एम0, मै0.आरवी एसोसिएटस (TPI) बिजनौर।
6– जिला समन्वयक, मै0मेधज प्रा0लि0(DPMU), बिजनौर।
7– समस्त आई0एस0ए0, जनपद बिजनौर।
8– जिला समन्वयक, समस्त आई0ई0सी0, बिजनौर।
9– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0/ मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर।

मुख्य विकास अधिकारी
बिजनौर।

12 November 2024 11:34

Steno2023 -1006